इंदिरा गांधी प्राणि उद्यान (IGZP) में संरक्षण प्रजनन

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में विशाखापत्तनम स्थित इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान (Indira Gandhi Zoological Park- IGZP) भारत में वन्यजीव संरक्षण, विशेष रूप से धारीदार लकड़बग्घों (Striped hyena) और एशियाई जंगली कुत्तों (Dhole) के सफल प्रजनन एवं पालन-पोषण में अग्रणी रहा है।

इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान (IGZP) के बारे में मुख्य बातें क्या हैं?

- यह **वर्ष 1977 में स्थापित एक स्व-स्थाने (Ex-Situ) संरक्षण सुविधा है,** जो आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम जिले में **सीताकोंडा आरक्षित वन** के बीच स्थित है।
  - यह तीन ओर से पूर्वी घाट और चौथी ओर से **बंगाल की खाड़ी** से घिरा हुआ है।
- यह केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त एक विस्तृत चिड़ियाघर है।
  - **कंबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य** के निकट होने के कारण यह स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले अनेक जानवरों और पक्षियों का भी आवास है।
- **IGZP** ने धारीदार लकड़बग्घे, जंगली कुत्ते, इंडियन ग्रे वुल्फ, रिंग-टेल्ड लीमर, भारतीय बाइसन, नीले और गोल्डेन मैकाउ, जंगली बिल्लियों तथा एक्लेक्टस तोतों का **सफलतापूर्वक प्रजनन** किया है।

//

एशियाई जंगली कुत्ते (Dhole):

- **परिचय:**

- ढोल (*Cuon alpinus*) एक जंगली मांसाहारी जानवर है और यह **कैनडि फैमली** एवं **मैमेलिया वर्ग** का सदस्य है।
- **प्राकृतिक वास:**
  - ये ऐतिहासिक रूप से दक्षिणी रूस से दक्षिणपूर्व एशिया तक फैले हुए थे, किंतु अब ये मुख्य रूप से दक्षिण और दक्षिणपूर्व एशिया में पाए जाते हैं तथा उत्तरी चीन में भी इनकी कुछ आबादी पाई जाती है।
  - भारत में वे पश्चिमी और पूर्वी घाट, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत में समूहबद्ध हैं।
- **संरक्षण:**
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची **II**
  - **प्रकृति संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ (IUCN) की रेड लिस्ट:** लुप्तप्राय
  - **वन्य जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (CITES):** परिशिष्ट **II**
  - **प्रोजेक्ट टाइगर** के अंतर्गत रिज़र्वों के निर्माण से बाघों की तरह निवास करने वाले ढोलों की आबादी को सुरक्षा प्रदान की गई।

धारीदार लकड़बग्घा:

- **परिचय:**
  - **धारीदार लकड़बग्घा (हाइना हाइना)** लकड़बग्घों **की तीन प्रजातियों में से एक** है।
    - लकड़बग्घे की अन्य प्रजातियों में भूरे और **धब्बेदार लकड़बग्घे (सबसे बड़े)** शामिल हैं।
  - ये **प्रसिद्ध चित्तीदार लकड़बग्घे** की तुलना में, आकार में **छोटे और अल्प सामाजिक** होते हैं।
- **संरक्षण की चुनौतियाँ:** आवास की क्षति, मानव-वन्यजीव संघर्ष, अवैध शिकार और अवैध वन्यजीव व्यापार।
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - **IUCN स्थिति:** लुप्तप्राय (Near Threatened)
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची **I**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/conservation-breeding-in-indira-gandhi-zoological-park-igzp-